पाठ 10. जंगल गाथा (केवल पढ़ने के लिए)

पाठ की भूमिका

इस पाठ का उद्देश्य अंतर-वैयक्तिक संबंध का कौशल विकसित करना है ताकि वे विभिन्न व्यक्तियों/प्राणियों से सकारात्मक तरीके से जुड़ने की समझ पैदा कर सकें। यह कविता व्यंग्य विधा की कविता है जिसकी विषय-वस्तु है वर्तमान राजनीति का परिदृश्य। इसमें नेताओं के वादे और उनके सफ़ेदपोश होने पर करारा प्रहार किया गया है।

अध्यापन संकेत

यह कविता केवल पठन के लिए है। इस कविता में जंगल के वातावरण के संदर्भ में देश के नेताओं के झूठे वायदों पर व्यंग्य किया गया है। मौखिक वाचन करने के बाद चुनाव संबंधी तत्वों की चर्चा की जा सकती है। हाल ही में हुए किसी चुनाव में नेताओं और प्रत्याशियों के द्वारा किए गए वायदों के बारे में बच्चों से उनके अनुभव पूछे जा सकते हैं।